दिनांक 31 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम प्रशासन ने 4 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई , आर के सोनी को सेवानिवृत्ति से पहले मिली पदोन्नति

भिलाई नगर । 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम भिलाई , के 4 कर्मचारियों को गुरूवार को ससम्मान विदाई दी गई। आर के सोनी को आज सेवानिवृत्ति के पूर्व सहायक लेखा अधिकारी पर पदोन्नत किया गया है! विदाई समारोह में निगम के सभापति पी. श्याम सुंदर राव , महापौर परिषद की सदस्य एवं सामान्य प्रशासन विभाग की प्रभारी श्रीमती सुभद्रा सिंह एवं उपायुक्त तरूण पाल लहरे ने कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाॅल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने सेवा के दौरान अनुभव को साझा किया! विदाई समारोह में सभापति पी. श्याम सुंदर राव ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद अब आप सभी पूरे परिवार के साथ अच्छा जीवन बिताएं और अपने अनुभवों के साथ समाज के अच्छे कार्यों में सहभागी बने। महापौर परिषद के सदस्य एवं सामान्य प्रशासन विभाग की प्रभारी सुभद्रा सिंह ने सेवानिवृत्त होने वाले सुनील तिवारी पिता श्री रामानंद तिवारी सहायक ग्रेड 02, आर.के. सोनी पिता स्व. श्री लखन लाल सोनी सहायक लेखा अधिकारी , भागचन्द पिता श्री दसरू राम सफाई कामगार एवं रामगोविन्द बागड़े पिता स्व. श्री मनीराम बागड़े सफाई कामगार के बारे में कहा कि इन कर्मचारियों ने निगम हित में पूरी निष्ठा एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों को जिम्मेदारी के साथ पूरा करते हुए कार्य किए है,

जनसम्पर्क अधिकारी